हरिभूमि
महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार, 12 जून 2024

13 1603 नागरिकों में से पात्र की इसी माह...

14 पानी के अभाव में मॉडल सड़क पर लाखों खर्च लगाए...

मोहल्ला रावका में साहिल बुक डिपो पर अज्ञात हमलावरों ने लाठी, डंडों व रॉड से कर दिया था हमला

दो पक्षों में झगड़ा, सरकारी अस्पताल में पत्थरबाजी, स्टाफ व मरीज सहमे

- घायल युवक नागरिक अस्पताल में जब पहुंचे, तब दोनों पक्षों के लड़के एवं परिजन भी अस्पताल पहुंचे
- आमना-सामना होने पर चले थे पत्थर-पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर अदालत से रिमांड पर लिया

नारनौल। नागरिक अस्पताल में पत्थरबाजी होने पर एकत्रित लोग।

नारनौल। नागरिक अस्पताल पर पत्थरबाजी करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शहर के जिला नागरिक अस्पताल में बीती रात सोमवार करीब नौ बजे दो पक्षों के बीच झगड़ा हो गया। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर पत्थरबाजी हुई। इस दौरान हंगामे एवं दहशत का माहौल बना रहा, वहीं अस्पताल कर्मियों एवं डाक्टरों ने अंदर छुपकर अपनी जान बचाई। हंगामे की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। हमले में घायल साहिल बुक डिपो के संचालक साहित को गंभीर चोटों के चलते जहां रैफर कर दिया गया, वहीं एक युवक पैर में चोट लगने पर उपचाराधीन है। हमलावर मोहल्ला रावका में ही जोहड़ावाला के बताए गए हैं। पुलिस शिकायत मिलने का इंतजार कर रही है। दूसरी ओर नागरिक अस्पताल में पुलिस चौकी खोलने की मांग उठने लगी है। मोहल्ला खड़खड़ी में बीती रात को दो पक्षों के बीच आपस में लड़ाई-झगड़ा हो गया था। झगड़ा मोहल्ला रावका में बने साहिल बुक डिपो पर हुआ, जहां एक पक्ष के 10-12 युवकों ने लाठी, डंडों एवं रॉड से हमला कर दिया। जिसमें बुक डिपो संचालक साहिल गंभीर रूप से घायल हो गया। झगड़े से कुछ देर पहले ही मालीटिब्बा के एक-दो युवक फैमिली आईडी बनवाने के लिए साहिल बुक डिपो पर आए थे, जिन पर भी उक्त हमलावरों ने हमला कर दिया,

अस्पताल में उपचाराधीन राहुल।

जिसमें मोहल्ला मालीटिब्बा का राहुल को पैर में गंभीर चोट आई और वह अस्पताल में उपचाराधीन है। जब घायलों को सरकारी अस्पताल लाया गया, तब उक्त हमलावर युवक भी पीछे-पीछे अस्पताल पहुंच गए। दोनों पक्ष ही अस्पताल आने पर कैजुअलिटी में उनका आमना-सामना हो गया तथा पत्थरबाजी शुरू कर दी। 15-20 युवकों के आपस में पत्थर फैंकने से अस्पताल में दहशत का माहौल बन गया। रात्रि करीब नौ बजे अस्पताल में घटित इस घटना के वक्त तब डाक्टर सरजीत सिंह ड्यूटी पर तैनात थे। तब डाक्टर वहां मरीजों का ईलाज कर रहे थे। अस्पताल स्टॉफ एवं लोगों द्वारा पत्थरबाजी की बात बताने पर उन्होंने पुलिस को फोन किया, पुलिस गाड़ी अस्पताल पहुंची, लेकिन हमलावर भाग गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार उपरांत घायल साहिल को जहां हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं राहुल को भर्ती कर लिया। जब राहुल को अस्पताल लाया गया, तब उसके साथ कई अन्य लड़के भी आ गए थे। राहुल के परिवार वाले तथा कुछ अन्य लोग भी अस्पताल के बाहर खड़े थे। तभी दोनों पक्षों में कहासुनी एवं पत्थरबाजी हुई। आपातकालीन वार्ड के चिकित्सका डा. सरजीत सिंह ने बताया कि रात्रि को वह अपने कक्ष में मरीजों को देख रहे थे, तभी स्टॉफ एवं अन्य लोग उनकी तरफ दौड़कर आए और बताया कि अस्पताल में पत्थरबाजी हो रही है। यह पत्थरबाजी करीब 20 मिनट तक चलती रही, जिस कारण पुलिस को फोन लगाया गया। पुलिस आने पर वह सभी वहां से भाग गए।

यह बोला पीड़ित दूसरी ओर अस्पाल में उपचाराधीन राहुल वासी मालीटिब्बा ने बताया कि वह साहिल बुक डिपो पर फैमिली आईडी बनवाने गया था, तब वहां पर आए कई युवकों ने उन पर भी अज्ञात कारणों से हमला कर दिया, जिसमें उनके पैर पर गंभीर चोट लगी है। उन्होंने बताया कि वह साहिल को मारने-पीटने आए थे और वह जब फैमिली आईडी बनवाने आए तो उन पर भी हमला कर दिया गया। **यह बोले चिकित्सक:** डा. सरजीत सिंह ने बताया कि कुछ वर्ष पहले यहां अस्पताल में पुलिस चौकी होती थी, लेकिन उसे बंद कर दिया गया है। जबकि रात्रि को अस्पताल के आपातकालीन वार्ड में एक्सीडेंट व लड़ाई-झगड़े के केस ज्यादा आते हैं। कई बार शराबी भी यहां आकर उत्पात मचाते हैं। इसलिए पुलिस की बड़ी सख्त जरूरत महसूस होती है। स्टॉफ की सुरक्षा के लिए रात्रि को यहां पुलिस तैनात होनी चाहिए तथा यहां पर पुनः अस्पताल चौकी शुरू करनी चाहिए।

पुलिस चौकी का इतिहास

नागरिक अस्पताल में करीब दो दशक तक पुलिस चौकी रही है। अस्पताल में जहां आपातकालीन वार्ड की नई बिल्डिंग बनी है, उस जगह पर अस्पताल चौकी एवं छोटा पार्क होता था। बाद में आपातकालीन वार्ड की नई बिल्डिंग बनने पर अस्पताल चौकी को अस्पताल के जन्म-मृत्य कक्ष वाली बिल्डिंग में शिफ्ट कर दिया गया। जहां पुलिस चौकी सुचारु रूप से चलती रही थी, लेकिन करीब दो-ढाई साल पहले अस्पताल चौकी के पुलिस कर्मियों के पहनावे, अर्धनग्न अवस्था में रहने, शराब पीकर ड्यूटी करने एवं अस्पताल स्टॉफ के साथ ही अभद्र व्यवहार करने की शिकायतें आने लगी थी, जिसका अस्पताल की नर्सों एवं अन्य स्टॉफ ने मिलकर खुलेआम विरोध प्रदर्शन करते हुए चौकी हटाने एवं पुलिस का रवैया सुधारने की मांग की थी। तब रवैया तो नहीं सुधारा गया, लेकिन पुलिस ने अस्पताल चौकी को हटा दिया। जिस कारण अब अस्पताल में पुलिस सुरक्षा नहीं रहती। जब एक्सीडेंट, लड़ाई-झगड़े का केस या मौत होने का केस आ जाता है तो पुलिस को रूक्का देने को कर्मचारी को सिटी थाने भेजना पड़ता है, जिससे अस्पताल स्टॉफ को परेशानी होती है और सुरक्षा भी नहीं मिल पा रही।

बदमाशों ने युवक को जमकर पीटा अपहरण कर सड़क किनारे फेंका

- पुलिस ने शिकायत के आधार पर गांव के ही नौ लोगों को नामजदों पर किया केस

नारनौल। नांगतिहाड़ी बस स्टैंड पर ऑटो में बैठे युवक पर बुलेरो व बाइक पर सवार होकर आए युवकों ने हमला किया। मारपीट करके उसका अपहरण करके ले गए। पुलिस की मौजूदगी में उसे सड़क किनारे बरामद कर नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया। घायल के दोस्त की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित पवन, मदन, विपिन, साहिल, योगेश, मनोज, पोकर, जुगराम व यादराम के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपित पोकर व यादराम को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया, जहां रिमांड लिया गया है।

गांव नांगतिहाड़ी वासी महेश ने शिकायत में बताया है कि वह मानेसर कंपनी में काम करता है। सोमवार को वह दोस्त मुकेश व योगेश बाइक पर सवार होकर गांव से नांगतिहाड़ी अड्डा पर आए थे। मुकेश व योगेश के ऑटो में बैठे थे। वह नाई की दुकान में सेव कराने के लिए जा रहा था। इतनी देर में गांव की तरफ से एक बुलेरो गाड़ी व एक बाइक बस अड्डा आई। गाड़ी व बाइक पर सवार युवकों ने उतरकर योगेश जो ऑटो में बैठा था, को ऑटो में मारपीट करने लगे।

गांव के पवन की बुलेरो

बुलेरो गाड़ी हमारे गांव के पवन की है। जिसमें पवन, मदन, विपिन, साहिल, योगेश, मनोज वासी नांगतिहाड़ी सवार थे। बाइक पर पोकर, जुगराम, यादराम वासी नांगतिहाड़ी सवार थे। सभी के हाथों में डंडे व रॉड थी। जिन्होंने योगेश को लाठी डंडों से पीटा। फिर सभी ने मिलकर योगेश को घसीटकर गाड़ी में डाल दिया और कह रहे थे कि हम इनको जान से मार देंगे। उसने व दोस्त मुकेश ने उनको रोकने का प्रयास किया लेकिन योगेश को गाड़ी में डालकर उसका अपहरण करके ले गए। गाड़ी के साथ-साथ बाइक भी पीछे-पीछे महेंद्रगढ़ की तरफ चले गए। जिस घटना की सूचना डायल 112 पर की थी। पुलिस मौके पर आई। पुलिस के साथ मिलकर भाई योगेश की तलाश काफी देर तक की। यह घटना समय करीब सुबह 11-11:30 बजे की है। इसके बाद दोपहर 12:43 बजे योगेश की मोबाइल कॉल आई। उसने बताया कि यह लोग उसे सिंघाना बाईपास पर पुल के पास डालकर भाग गए है। वह पुलिस के साथ पहुंचा। जहां योगेश घायल सड़क किनारे पड़ा था। उसे सरकारी अस्पताल भर्ती कराया। योगेश ने उसे बताया है कि यह सभी युवक उसे रामबास की पहाड़ी में लेकर गए थे। जहां पर उन्होंने बहुत मारपीट की और उन सभी ने जान से मारने की धमकी भी दी थी। योगेश इस समय ज्यादा कुछ बोलने की हालत में नहीं है, जो ठीक होने पर आगे की घटना खुद बताएगा।

खबर संक्षेप

पंचायत भवन के सामने दुकान में लगी आग

नारनौल। शहर के महेंद्रगढ़ रोड पर पंचायत भवन के सामने माडूराम मिष्ठान भंडार है। इस दुकान में मंगलवार शाम अज्ञात कारण के चलते आग लग गई।किसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। मौके पर गाड़ी पहुंची और आग पर काबू पाया। नुकसान का आकलन अभी नहीं हुआ है।

पुलिस ने पकड़ी अवैध शराब, केस दर्ज

महेंद्रगढ़। थाना सतनाली की पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर रेड कर सतनाली क्षेत्र से अवैध अंग्रेजी शराब और बीयर बरामद की है। पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक आरोपित चतर भुज वासी सतनाली को गिरफ्तार किया है। थाना सतनाली की पुलिस टीम गश्त के दौरान डिगरोता रोड सतनाली पर मौजूद थी। उसी समय टीम को गुप्त सूचना मिली कि चतर भुज वासी सतनाली अपने मकान के पास गत्ता पेटियों मे अवैध रूप से शराब रखकर बेच रहा है, अगर तुरंत रेड की जाए तो अवैध शराब सहित काबू आ सकता है। पुलिस ने बताए स्थान पर रेड की, पुलिस ने एक को काबू करके नाम पता पूछा तो उसने चतर्भुज बतलाया। गत्ता पेटियों को चेक करने पर अंग्रेजी शराब और बीयर बरामद हुई।

एटीएम उठाकर पैसे निकलवाने के मामले में एक और गिरफ्तार

नारनौल। एटीएम कार्ड उठाकर पैसे निकलवाने के मामले में थाना निजामपुर की पुलिस टीम ने एक और आरोपित को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पुलिस ने आरोपित के पास से 10 हजार रुपये बरामद किए हैं। आरोपित को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता का एटीएम कार्ड गिर गया था। आरोपितों ने एटीएम कार्ड उठाकर 31800 रुपये निकाल लिए।

घरों में लार्वा पाए जाने पर 126 को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

- स्वास्थ्य विभाग जून माह को मलेरिया रोधी माह के रूप में मनाएगा : डा. मनीष यादव
- जिले में अभी तक 57514 बुखार के मरीजों की रक्त पट्टिका बनाई गई

राज्य सरकार के निर्देशानुसार सिविल सर्जन डा. रमेश चंद्र आर्य की देखरेख में जिले में जून माह को मलेरिया रोधी माह के रूप में मनाया जा रहा है। उप सिविल सर्जन डा. मनीष यादव ने बताया कि आगामी बरसात के सीजन को देखते हुए जिले में 152 टीम घर-घर जाकर रैपिड फीवर सर्वे कर रही हैं। साथ ही एंटी मलेरिया और सोर्स रिडक्शन एक्टिविटीज की जा रही है। इस कार्यक्रम के तहत अभी तक जिले में 1082758 घरों को बीट अनुसार चेक किया जा चुका है। इनमें से 126 घरों में लार्वा पाए जाने पर उनको नोटिस दिया गया है। जिले में अभी तक 57514 बुखार के मरीजों की रक्त पट्टिका बनाई गई है। जिसमें कोई पॉजिटिव नहीं मिला है। लोगों को घर-घर जाकर पैंपलेट द्वारा लिखित सामग्री देकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में इस साल अभी तक कोई भी मलेरिया या डेंगू का केस नहीं आया है, जबकि पिछली साल 44 डेंगू व तीन मलेरिया के पॉजिटिव केस आए थे।

आठ दिवसीय योग शिविर सम्पन्न

नारनौल। एडवांस योगा ग्रुप की ओर से राधा कृष्ण पार्क में आयोजित आठ दिवसीय योग शिविर मंगलवार को सम्पन्न हुआ। मौके पर संस्था से दीपक सर्राफ ने बताया कि योगाचार्य बजरंग जांगिड़ ने शिविर की शुरूआत ब्रह्म मुहूर्त में ओम के उच्चारण व विभिन्न मंत्रों से की। इसके बाद प्राणायाम आसन करवाए गए। शिविर के समापन पर राधा कृष्ण पार्क की ओर से योगाचार्य बजरंग को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद सुदेश देवी ने प्रसाद वितरण किया। मौके पर निपेंद्र संघी, रेखा शर्मा, सुमन संघी, ज्योति अग्रवाल, दर्शन मिगलानी, नीतू संघी, नितेश, पवन कुमार, माया देवी, रुचिता महेश्वरी, मणि शर्मा, विमला, सीमा मिगलानी, पूजा सैनी, राजबाला, शर्मिला, नीना, अनुराधा, मूर्ति आदि मौजूद थे।

शेखपुरा गांव में झगड़ा महिला पर केस दर्ज

नारनौल। शहर के पास गांव शेखपुरा में मकान के गेट पर आकर गाली गलौच करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर नामजद महिला के खिलाफ आईपीसी की धारा 506 के तहत केस दर्ज किया है।

गांव शेखपुरा वासी रघुबीर सिंह ने शिकायत में बताया कि सुबह 11 बजे वह घर के अंदर बैठा हुआ था। उस वक्त महिला पूजा अपने दो बच्चों व सास बिमला के साथ मकान के गेट पर आकर गालियां देने लगी व जान से मारने की धमकी दी। जिसका सीसीटीवी फुटेज घर में लगे कैमरे में मौजूद है। इस प्रकार इन्होंने व इनके परिवार के लोगों ने 28 अप्रैल को सुबह साढ़े सात बजे इसी घर पर तोड़ फोड़ की। उस पर व परिवार पर हमला किया। उस पर भी इन लोगों के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई नहीं की। आज ये लोग कहते है हम सभी को जान से मारेंगे। रामसिंह, प्रदीप, बिमला, पूजा, जयसिंह इन सभी ने पहले भी जान से मारने की कोशिश की। अब सोमवार को पूजा व बिमला सरेआम जान से मारने की धमकी दी। एफआईआर में कहा गया है कि पुलिस ने पैन ड्राइव का अवलोकन किया। इस सीसीटीवी फुटेज में आरोपित पूजा के घर के बाहर खड़ी होकर रघुबीर को धमकी देती हुई सुनाई देती है जबकि दूसरी महिला बिमला उसको वहां से लेकर जाती हुई दिखाई देती है। फुटेज में पूजा द्वारा शिकायतकर्ता को धमकी देना पाया जाने पर आईपीसी की धारा 506 का घटित होना पाया गया।

समाधान शिविर में पहले दिन आई 62 शिकायत, 40 का समाधान 22 पेंडिंग

नारनौल। समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें एकत्रित करते कर्मी। फोटो : हरिभूमि

हर रोज 9 से 11 बजे तक समाधान शिविर में निपटाई जा रही नागरिकों की शिकायतें

जिलेभर में यह पहुंची 62 शिकायत

- ◆प्रोपर्टी आईडी से जुड़ी तीन शिकायत पहुंची। उन्हें संबंधित विभाग के पास भेजी गई है।
- ◆परिवार पहचान पत्र/आधार से जुड़ी 16 शिकायतें मिली। इनमें से 12 का समाधान कर दिया गया। चार शिकायतें पेंडिंग है।
- ◆जमीन रजिस्ट्री से जुड़ी तीन शिकायतें मिली। तीनों को ही राजस्व विभाग के पास समाधान के लिए भेजा गया।
- ◆नगर परिषद से जुड़ी दो शिकायतें मिली। दोनों का ही मौके पर समाधान कर दिया गया।
- ◆ब्लॉक एंड डवल्पमेंट से जुड़ी 15 शिकायत मिली। इसमें से 10 का समाधान कर दिया गया। पांच शिकायतें अभी पेंडिंग है, जिन्हें संबंधित विभाग को भेजी गई है।
- ◆नगर परिषद में नक्शा पास करवाने संबंधित एक शिकायत आई। उसे भी संबंधित विभाग को भेजा गया।
- ◆पेंशन से संबंधित तीन शिकायतें मिली। इनमें से एक का समाधान। दो पेंडिंग रखी गई।
- ◆राशन कार्ड से संबंधित तीन शिकायतें मिली। मौके पर ही तीनों का समाधान किया गया।
- ◆अपराध से जुड़ी आठ शिकायत मिली। इनमें से छह का समाधान किया गया। दो अभी पेंडिंग है।
- ◆बिजली निगम से जुड़ी तीन शिकायत थी। तीनों का समाधान किया गया।
- ◆वन विभाग से संबंधित दो शिकायत पहुंची। दोनों का समाधान किया गया।
- ◆जनस्वास्थ्य विभाग से जुड़ी एक शिकायत पहुंची। उसे संबंधित विभाग के पास समाधान के लिए भेजा गया।
- ◆स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी भी एक शिकायत मिली। उन्हें सीएमओ के पास भेजा गया।
- ◆मैरिज रजिस्ट्रेशन की एक शिकायत मिली, उसका मौके पर ही समाधान किया गया।

नारनौल। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने हर जिला में सुबह नौ बजे से 11 बजे तक एक जगह अधिकारियों को बैठने और आम जनता की शिकायत सुनने के लिए समाधान शिविर लगाने के आदेश दिए थे। पहले दिन मंगलवार को जिला मुख्यालय लघु सचिवालय और उपमंडल स्तर पर अधिकारी बैठे। जिला स्तर पर डीएमसी महावीर प्रसाद ने समाधान शिविर की अगुवाई की। वहीं महेंद्रगढ़ एसडीएम कार्यालय में अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा ने शिविर में भागीदारी निभाई। जिलाभर से एकत्रित किए आंकड़ों के मुताबिक समाधान शिविर में कुल 62 शिकायतें मिली। इनमें से 40 शिकायतों का मौके पर ही समाधान करने का दावा प्रशासन ने किया है। वहीं 22 शिकायत पेंडिंग रखी गई है। इन पेंडिंग शिकायतों को संबंधित विभाग में भेजकर समाधान करवाया जाएगा।

जिला नगर आयुक्त एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी महावीर प्रसाद ने इन शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को भेजते हुए इन मामलों को तुरंत निपटाने के निर्देश दिए। डीएमसी ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय एवं उपमंडल स्तर पर हर रोज कार्य दिवस पर सुबह 9 से 11 बजे तक लोगों की शिकायतों के लिए समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों की प्रगति रिपोर्ट भी हर दिन सरकार को भेजी जाएगी। उन्होंने बताया कि समाधान शिविरों में प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, भूमि पंजीकरण, स्थानीय निकाय से अनापत्ति प्रमाण पत्र, नगर पालिकाओं से नक्शे की स्वीकृति, समाज कल्याण विभाग की विभिन्न पेंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली, अपराध से संबंधित शिकायतों, बिजली, सिंचाई, जनस्वास्थ्य से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की जाएगी। इस मौके पर एसडीएम डा. जितेंद्र सिंह, डीएसपी हरदीप सिंह, नगराधीश मंजीत सिंह व जिला राजस्व अधिकारी सुशील शर्मा के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

मिशन एडमिशन **सीएम सैनी परिवार पहचान पत्र को लेकर गंभीर**

पांच दिन से नहीं बन रहे सरल पोर्टल पर बच्चों के दाखिला दस्तावेज, कैसे होंगे एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

- अधिकारियों को पोर्टल नहीं चलने की जानकारी ही नहीं

प्रदेश सरकार ने डिजिटल इंडिया प्रोजेक्ट के तहत सभी सेवाओं को सरल पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन कर रखा है। घर बैठे हम किसी भी सर्विस को आसानी से प्राप्त कर सकते है। इसी उद्देश्य से सरकार ने परिवार पहचान पत्र के माध्यम से जाति प्रमाण पत्र, इनकम सर्टिफिकेट, ओबीसी सर्टिफिकेट, राशन कार्ड, जमीन की नकल जैसी अनेक सेवाओं को ऑटो मोड से जोड़ रखा है। नागरिकों की सुविधाओं को देखते हुए हरियाणा सरकार ने हर एक सुविधा को सरल बनाया है। गांवों में सीएससी सेंटर खोलकर ग्रामीणों तक हर एक सर्विस को पहुंचाने का कार्य कर रही है ताकि ग्रामीणों को तहसील कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़े। इसी सुविधा को देखते हुए सरकार ने जाति प्रमाण पत्र, ओबीसी सर्टिफिकेट, इनकम सर्टिफिकेट को सीएससी के माधयम या घर बैठे केवल दस मिनट में प्राप्त किया जा सकता है। स्कूल, कॉलेज, आईटीआई कॉलेज, डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर छात्रवृति जैसी अनेक योजनाओं के लिए दस्तावेज की जरुरत पड़ती है।

नारनौल। सरल पोर्टल का ऑटो मोड सर्विस ठप।

क्या कहते इंचार्ज

सरल केंद्र इंचार्ज भूपेंद्र कुमार ने बताया कि हमारे पास पोर्टल नहीं चलने को कोई जानकारी नहीं है। यदि सीएससी ऑपरेटरों की शिकायत आएगी तो हम हेड ऑफिस बात करेंगे।

परिवार पहचान पत्र से ऑटो मोड सर्विस ठप

आईटीआई , कॉलेज , डॉ भीमराव अम्बेडकर के फॉर्म भरने के लिए जाति प्रमाण पत्र, हरियाणा निवास प्रमाण पत्र, इनकम सर्टिफिकेट आदि दस्तावजे की जरुरत रहती है। सरकार फाइलों का झंझट खत्म करके परिवार पहचान पत्र के मार्फत नागरिकों को केवल दस मिनट में दस्तावेज जारी किया जाता है परन्तु बीते शुक्रवार से ऑटो मोड सेवा बंद है। जिससे नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

हरियाणा निवास प्रमाण पत्र हो रहा जारी

सरल पोर्टल के माध्यम से हरियाणा निवास प्रमाण पत्र फाइल के माध्यम बनाया जाता है। हरियाणा निवास प्रमाण पत्र सरपंच, नम्बरदार और पटवारी की रिपोर्ट के आधार पर जारी होता है। जिसकी सरल के माध्यम से अनुरोध डालने पर प्रमाण पत्र जारी हो रहे है।

छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

haribhoomi.com

रोहतक, बुधवार, 12 जून 2024

हरिभूमि

सहेली

10

फादर्स-डे, 16 जून स्पेशल

आवरण कथा / वंदना जोशी

पिता के लिए बेटी बहुत दुलारी होती है, उसे यूं ही नहीं 'पापा की परी' कहा जाता। बेटी का भी अपने पापा से बेहद जुड़ाव और प्यार होता है। उसे लगता है, पापा हैं तो उसकी हर ख्वाहिश पूरी होगी, सपने पूरे होंगे। पापा भी अनेक रूपों में उसकी खुशी पूरी करने में कोई कसर नहीं छोड़ते। एक पिता यानी बाबुल के वो रूप, जो बेटी के साथ छाया बनकर रहते हैं।

कई रूप तुम्हारे बाबुल प्यारे

बेटी के लिए उसके पिता अर्थात बाबुल के कई रूप होते हैं। देखा जाए तो किसी भी बेटी के लिए उसका बाबुल उस वटवृक्ष की तरह है, जिसकी शीतल छांव न केवल अपनी बिटिया को दुनियाभर के संघर्षों, विपत्तियों की तपती धूप से बचाती है, उसे निश्चिंत और निर्भीक होकर जीने का साहस भी देती है। देखा जाता है कि ज्यादातर बेटियां अपने पिता के ज्यादा नजदीक होती हैं। ऐसे में पिता अकसर बेटियों की परवरिश को लेकर बहुत चिंतित रहते हैं, उन्हें खुशहाल जिंदगी देने का हर संभव प्रयास करते हैं। यह हर

पिता का सपना होता है, बेटियां मजबूत और आत्मनिर्भर बनें। इस सपने को पूरा करने के लिए या अपने सभी दायित्वों को बेहतर ढंग से निभाने के लिए पिता नए-नए रूपों में दिखाई देते हैं।

करते हैं मोटिवेट

यह सही है कि अधिकांश पिता इतने ज्यादा व्यस्त रहते हैं कि वे अपने बच्चों के साथ कम ही समय बिता पाते हैं। इससे उनके और बच्चों के बीच एक दूरी बन जाती है, लेकिन इधर कुछ वर्षों में उन्होंने इस बात को महसूस किया है, ये दूरियां मिटाई हैं। आज के पिता अपने बच्चों, विशेषकर अपनी बेटियों, से कनेक्ट रहने की पूरी कोशिश में रहते हैं। वे बेटियों के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताकर उन्हें बेहतर तरीके से जानने-समझने की कोशिश करते हैं। वे बेटियों को यह शिक्षा भी देते हैं कि आज के प्रतियोगी दौर में जीवन में कैसे चला जाए कि सफलताएं मिलें। इससे बेटियां मोटिवेट होती हैं, सफलता की नई-नई ऊंचाइयां छूती हैं।

बनते हैं सुरक्षा कवच



जिस तरह सीप का सख्त आवरण अपने अंदर मौजूद मोती की सुरक्षा करता है, उसी तरह पिता भी अपनी बेटी के लिए सुरक्षा कवच बनते हैं। आज के पिता अपनी बेटियों को ना केवल इस कुटिल जमाने का सामना करने के लिए उसके इर्द-गिर्द अदृश्य रूप में मौजूद रहते हैं, बल्कि वे उन्हें इस लायक भी बनाते हैं कि वे खुद होशियारी और बहादुरी से हर विकट स्थिति का सामना करें। बेटियां शारीरिक रूप से मजबूत भी रहें, इसके लिए आज के पिता सचेत रहते हैं। वे अपनी बेटियों को बचपन से ही स्पोर्ट और फिटनेस के प्रति रुचि जगाते हैं। वे बेटियों को उनके पसंदीदा खेल को खेलने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। साथ ही उन्हें हर रोज व्यायाम और सुरक्षात्मक खेल, जैसे- जुडो-कराटे सिखाते हैं। यह आज के पिता के बदले रूप का ही परिणाम है, जो हमारी बेटियां खेल के विश्व मंच पर बेहतरीन प्रदर्शन कर अपना और अपने देश का नाम रोशन कर रही हैं।

रखते हैं पूरा ध्यान

वह पिता ही होते हैं, जो अपनी बेटियों का सबसे ज्यादा ध्यान रखते हैं। नए दौर के पिता न केवल बेटियों की देखभाल करते हैं बल्कि उन्हें खुद की देखभाल करना भी सिखाते हैं, जिससे उनकी दुलारी बेटी को छोटे-छोटे कामों के लिए दूसरों पर निर्भर ना रहना पड़े। आज जब अधिकांश बेटियों को घर और शहर से बाहर जॉब करने जाना पड़ता है, तब उन्हें अपने पिता की यह सीख बहुत काम आती है, वे अपना ख्याल खुद रखने में सक्षम रहती हैं।

बेटियों के आधार स्तंभ

समय के साथ-साथ समाज में पिता की भूमिका और उनका स्वरूप भी बहुत बदला है। पहले अधिकांश पिता अपनी बेटियों पर कम ही विश्वास करते थे। लेकिन इस नए दौर में बेटी और पिता के बीच विश्वास गहरा हुआ है। अब पिता अपनी बेटियों की कॉलेज या वर्क प्लेस की गतिविधियों पर रोक-टोक नहीं लगाते, एक भरोसा रखते हैं। इससे बेटियों के व्यक्तित्व का विकास सही ढंग से होता है। वे उस मुकाम पर आती हैं, जो उन्हें एक पहचान देता है, सशक्त बनाता है। पिता को यकीन है कि उनकी लाडली ऐसा कोई काम नहीं करेगी, जिससे उनके परिवार की साख गिरे। पिता के इस भरोसे से बेटियों का आत्मविश्वास बढ़ता है, उनकी क्षमताएं बढ़ती हैं। इस तरह आज के पिता बेटी के करियर निर्माण का आधार स्तंभ बन रहे हैं। बेटियां भी कामयाबी की नई उड़ानें भर रही हैं।

वे हैं बेटियों के स्वप्न-द्रष्टा

हर पिता का सपना होता है कि उनकी बेटी समाज-देश में अपना नाम रोशन करे। यह तभी संभव है, जब बेटी बड़ा सपना देखे और उसे पूरा करने का प्रयास करे। इस नए दौर में पिताओं ने यह गुर जान लिया है कि उनकी बेटी कैसे बड़े सपने देखे और उसे पूरा करने की राह पर आए। वे बेटियों की राह में बाधक नहीं बनते हैं बल्कि सही मायने में उनके स्वप्न-द्रष्टा हैं, जो अपनी बेटी को बचपन से ही बड़े सपने देखने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। इन सपनों को पूरा करने में हर मदद को तैयार रहते हैं। इससे बेटियों का मनोबल बढ़ता है। उन्हें अपनी योग्यता का अहसास होता है और वो खुद को किसी से कम नहीं आंकती हैं। इससे उनमें प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ती है, वे मुकाबला करते हुए ऊंचे मुकाम पर पहुंचने के लिए अपने आपको सक्षम पाती हैं।

बनते हैं मार्गदर्शक

आज के पिता बेटियों के अच्छे मार्गदर्शक भी हैं। पिता वह पहला शख्स होता है, जो अपनी बेटी के साथ संवाद स्थापित कर उसके भविष्य निर्माण में मार्गदर्शक बनता है। आज पिता के उस रूप के दर्शन होने लगे हैं, जो अपनी बेटियों पर अपनी इच्छाएं नहीं थोपता बल्कि उन्हें उनकी इच्छा और रुचि के अनुसार आगे बढ़ने के निर्णय लेने के लिए जरूरी कौशल भी सिखाता है। आज का पिता जानता है कि बेटी को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनमें निर्णय लेने की क्षमता को विकसित करना जरूरी है। वह परिवार का मुखिया होने के बावजूद निर्णयकर्ता की भूमिका नहीं निभाता, वह बेटियों के निर्णयों को नजरअंदाज करने की गलती न करते हुए उसके छोटे-छोटे फैसलों को सराहते हुए एक अच्छे, सच्चे मार्गदर्शक की भूमिका निभाता है।

नया दौर / रेखा शाह आरबी

अमूल्य है पिता का प्यार

जमाना बदला तो नए दौर के पिताओं ने भी अपनी कठोर छवि तोड़ी। कभी परिवार में छुप-छुप करके अपने बच्चों से प्यार करने वाले पिता अब बच्चों के प्रति अपने प्रेम को छुपाते नहीं हैं, खुलकर प्रकट करते हैं। आज के पिता अपने बच्चे के फ्रेंड हैं। उनके साथ अब खुशी-खुशी पार्टी करते हैं, वीकेंड मनाते हैं। वे अपने बच्चों से सभी प्रॉब्लम्स पर बात करते हैं, उनको सॉल्यूशन सुझाते हैं।

पालन-पोषण में निभाते हैं अपनी भागीदारी: आज के पिता बच्चों के पालन-पोषण में बराबर की भागीदारी निभाते हैं। बच्चे के जन्म से पहले और जन्म के बाद भी उतना ही स्ट्रेस उठाते हैं, जितना मां उठाती है। वे बच्चों की नैपी बदलने से लेकर उसकी दूध की बॉटल तक तैयार करते हैं। जरूरत पड़ने पर रात-रात भर जगते हैं। इस तरह नए जमाने के पिताओं ने बच्चों के पालन-पोषण में अपनी जिम्मेदारियों को विस्तार दिया है। वे इसे खुशी-खुशी निभा रहे हैं।

पिता का महत्व: हम दुनिया में चाहे जितना भी नाम कमा लें, लेकिन हमारी पहली पहचान हमारे पिता के नाम से ही होती है। बच्चों के लिए पिता ईश्वर की एक बेशकीमती सौगात हैं। जब कोई किसी से प्रेम करता है तो उसमें उसका कुछ ना कुछ स्वार्थ छिपा होता है, लेकिन पिता अपने बच्चों से निःस्वार्थ प्रेम करते हैं। वे अपने बच्चों के लिए एक वटवृक्ष की तरह होते हैं। पिता दुनिया जहान की सारी धूप, बारिश, आंधी, तूफान अपने ऊपर झेल जाते हैं, अपने बच्चों तक कभी कोई भी मुसीबत नहीं आने देते। एक पिता का होना, बच्चों को बहुत सारी मुश्किलों से बचा लेना है।

त्याग की मूर्ति: मां के लिए यह खूब कहा जाता है कि वे त्याग की प्रतिमूर्ति होती हैं। वह अपने बच्चे के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर देती है। पिता भी अपने बच्चे के लिए कम त्याग नहीं करते हैं। वे खुद जीवन भर तकलीफ उठाते हुए अपने बच्चों की हर ख्वाहिश पूरी करते हैं। एकमात्र पिता ही इस दुनिया का वह इंसान है, जो अपने बच्चों के सपनों के लिए अपने सपनों को मार देता है। अपनी संतान के लिए वह अपनी हार भी खुशी-खुशी स्वीकार कर लेता है। वह सदा अपनी संतान का भला करता रहता है।

पिता में भी होती है ममता: अपनी संतान के प्रति ममता सिर्फ मां में ही नहीं होती, पिता में भी होती है। मां के अंदर यदि अपने बच्चों के लिए प्रेम का सागर बहता है तो पिता के अंदर भी अपने बच्चों के लिए एक मीठा सोता होता है। बच्चों के लिए पिता का प्यार अथाह होता है। वे अपना खून-पसीना बहाकर अपने बच्चे के चेहरे की मुस्कान देखकर खिल उठते हैं। उन्हें लगता है कि दुनिया की सबसे बड़ी नियामत मिल गई है। निश्चित ही पिता का प्यार अमूल्य होता है।

हेल्थ केयर

डॉ. रवींद्र गुप्ता
एचओडी-इंटरनल मेडिसिन
सी. के. बिड़ला हॉस्पिटल, गुरुग्राम

बढ़ती उम्र में भी आपके पापा हेल्दी रहें, उन्हें कोई हेल्थ प्रॉब्लम ना हो, इसके लिए आपको ही ध्यान रखना होगा। इसके लिए आप उनके यहां बताए जा रहे टेस्ट जरूर करवाएं।

पापा की सेहत का ऐसे रखें खयाल

बढ़ती उम्र के साथ हर किसी को सेहत संबंधी कई समस्याएं परेशान करने लगती हैं। मां की तरह ही परिवार का ध्यान रखने वाले पिता भी आमतौर पर अपनी सेहत को लेकर लापरवाह हो जाते हैं। ऐसे में आपका यह फर्ज बनता है कि आप बढ़ती उम्र में पापा की सेहत संबंधी जरूरतों का पूरा ध्यान रखें। इसके लिए जो जरूरी टेस्ट हैं, कराएं।

ब्लड शुगर टेस्ट: आजकल डायबिटीज की समस्या तेजी से बढ़ रही है। इसलिए अगर आपके पापा में कोई लक्षण नजर न आएं तो भी उनके ब्लड शुगर लेबल की जांच फास्टिंग पीपी और HbA1c की जांच जरूर करवानी चाहिए। अगर खाली पेट ग्लूकोज का लेवल 125 से अधिक आता है तो यह डायबिटीज का संकेत है। ऐसा होने पर पापा के खान-पान में परहेज के साथ डॉक्टर के दिए सभी निर्देशों का पालन करें।

ब्लड काउंट: बढ़ती उम्र में पापाजी के ब्लड काउंट टेस्ट को करवाना भी जरूरी है। इस जांच में रेड और व्हाइट ब्लड सेल्स के साथ प्लेटलेट्स की संख्या का भी पता लगाया जाता है। इससे यह भी मालूम चलता है कि ब्लड में कोई इंफेक्शन तो नहीं है।

ब्लड प्रेशर: 50-55 की उम्र के बाद ब्लड प्रेशर बढ़ने की आशंका भी रहती है, इसलिए नियमित रूप से पापा का बीपी टेस्ट कराना भी जरूरी है। आमतौर पर 80/120 को सामान्य ब्लडप्रेशर माना जाता है। जांच में ब्लड प्रेशर इससे अधिक हो तो पापा की डाइट में नमक का सेवन सीमित मात्रा में करवाएं।

कोलेस्ट्रॉल स्क्रीनिंग टेस्ट: खान-पान संबंधी अनियमितता और लापरवाही के कारण ब्लड में कोलेस्ट्रॉल का लेवल बढ़ जाता है, इसलिए अपने पापा का यह चेकअप भी जरूर करवाएं क्योंकि इसकी वजह से ही हृदय रोग का खतरा बढ़ सकता है। अगर कोलेस्ट्रॉल का लेवल अधिक हो तो डॉक्टर की सलाह पर पापा को दवाओं का सेवन शुरू करवा दें। साथ ही उनकी डाइट में घी, तेल, मक्खन, मैदा कम से कम दें।

डेंटल चेकअप: जो लोग सिगरेट पीते हैं या पान, मसाले का सेवन करते हैं, उनमें माउथ अल्सर या ओरल कैंसर होने का रिस्क अधिक रहता है। इसके अलावा ओल्ड एज में दांत कमजोर भी होने लगते हैं। इसलिए दांतों का रेग्युलर चेकअप भी करवाती रहें।

आई चेकअप: उम्र बढ़ने के साथ नजर कमजोर होने लगती है। इसलिए पापा के आंखों की जांच भी बहुत जरूरी है। आंखों की जांच से कैटरेक्ट और ग्लूकोमा जैसी बीमारियों का भी समय रहते पता लग जाएगा। कई बार डायबिटीज की वजह से भी आंखों की दृष्टि प्रभावित होती है, आई चेकअप से इसे भी नियंत्रित किया जा सकता है।

पीएसए टेस्ट: इसे प्रोस्टेट स्पेसिफिक एंटीजन टेस्ट कहा जाता है। उम्र बढ़ने के साथ पुरुषों के प्रोस्टेट ग्लैंड का आकार बढ़ने की वजह से शरीर के इस हिस्से में कैंसर होने की आशंका बढ़ जाती है। इसका पता लगाने के लिए साल में एक बार पापा का पीएसए टेस्ट जरूर करवाना चाहिए।

अगर आप रेग्युलरली अपने पापा के यहां बताए गए टेस्ट करवाती हैं तो वे कई गंभीर बीमारियों से बचे रहेंगे।

प्रस्तुति:विनीता

सलाह / सरस्वती रमेश

वृद्धावस्था में शारीरिक-मानसिक कमजोरी आने ही लगती है। ऐसे में जीवनसाथी भी बिछड़ जाए तो सफर और कठिन हो जाता है। अगर आपके पिता को भी ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है तो आपको उन्हें भावनात्मक संबल देना चाहिए।

जब अकेले रह जाएं पिता उन्हें दें भावनात्मक संबल

जब तक बच्चे अपने पैरों पर खड़े नहीं हो जाते, स्वावलंबी नहीं बन जाते, पिता उनको अपनी छत्रछाया में रखते हैं। वे अपने जीवन का सबसे कीमती समय, बच्चों की बेहतर परवरिश और उनकी जिम्मेदारियों का बोझ अपने कंधों पर उठाने में बिता देते हैं। अपने बच्चों को किसी मुसीबत के समय अकेले नहीं छोड़ते, हर स्थिति में उनका साथ निभाते हैं, उनका संबल बनते हैं। लेकिन कई बार दुर्भाग्यवश ऐसी स्थितियां सामने आती हैं, जब जीवन की सांध्य बेला में पिता को एकाकी जीने के लिए विवश होना पड़ता है। ऐसा अकसर तब होता है, जब उनके जीवन यात्रा में साथ चलने वाली उनकी हमसफर उनका साथ छोड़ जाती हैं। बच्चे अपनी-अपनी जिंदगी में व्यस्त हो जाते हैं। बेटियां ब्याह कर अपने जीवनसाथी के घर चली जाती हैं। तब एक खालीपन पिता को चारों ओर से घेर लेता है। आजीविका कमाने के लिए जीवन भर व्यस्त रहने वाले पिता अचानक से इतने खाली हो जाते हैं कि एकाकीपन और अवसाद की भावना से भर उठते हैं। तब जीवन जीने के लिए उन्हें कोई सहारा नहीं दिखता। खालीपन के अंधेरे में कोई रोशनी उन्हें नजर नहीं आती। वे अलग-थलग अकेले रह जाते हैं। खुद को लाचार ही नहीं निरर्थक समझने लगते हैं।

निभाएं संतान का दायित्व

अगर आपके पिता भी अकेलेपन की कुछ इसी तरह की स्थितियों का सामना कर रहे हैं, आप उनकी अकेली संतान हैं या आपके भाई-भाभी अपनी नौकरी की वजह से पिता के साथ नहीं रह पा रहे हैं तो आपको उनकी देख-भाल के लिए आगे कदम बढ़ाना होगा। ऐसे में ना केवल पिता के स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखें, उनको भावनात्मक सहारा भी दें। जिस तरह बचपन में आपके निराश होने पर पिता आपको हौसला देते थे, कभी उदास या मायूस नहीं होने देते थे, अब उनको ऐसा अहसास दिलाने की बारी आपकी है। यकीन मानिए, अकेलेपन का सामना कर रहे पापा जब अपनी परी का स्नेह भरा संबल पाएंगे तो उनमें एक नई ऊर्जा का संचार होगा। उनके भीतर से एकाकीपन के बादल छंट जाएंगे। नई उमंग के साथ वे जीना सीख जाएंगे।

समझें उनकी भावनाएं

यह सच है कि बुढ़ापे में कुछ ना कमाने या कर पाने का बोध, पिता को अपनी नजरों में खुद की कीमत कम कर देता है। ऐसे में अगर आप उनकी भावनाओं को नहीं समझेंगी तो उनकी मदद पूरी तरह नहीं कर पाएंगी। यह मान लेना कि अब पापा घूमना-फिरना नहीं चाहते होंगे, बस आस-पास के पार्क तक टहलना ही उनके लिए काफी है, दो वक्त के खाने और दवा के अलावा उनकी कोई जरूरत नहीं, ऐसी सोच गलत है। सिर्फ टाइम से खाना और दवा देना ही उनकी केयर में शामिल नहीं होता, जब संभव हो उनके साथ कुछ वक्त बिताकर, उनसे बातें कर, उनकी भावनाओं को समझकर, उनकी इच्छाओं को पूरा कर आप उन्हें भरपूर खुशी दे सकती हैं।

पापा को दें हर संभव खुशी

जीवन के सफर में अकेले पड़ गए पिता खुशी-खुशी अपने जीवन की सांझ गुजारें, इसके लिए उनमें जीने का उल्लास आपको ही भरना चाहिए। इसके लिए आप अपनी खुशियों में उन्हें शामिल करना कभी ना भूलें। घर-बाहर से जुड़े हर छोटे-बड़े मामलों में उनसे उनकी राय जरूर जानें। खाने-पीने में उनकी पसंद पूछें। उनके जन्मदिन पर याद से उनकी पसंद का कोई तोहफा जरूर भेंट करें। बाहर घूमने जाएं तो पिता की सुविधा के स्थान का चुनाव करें। उनकी रोजमर्रा की छोटी-मोटी जरूरतों का ख्याल रखें। उनके अनुभवों का लाभ उठाएं। उनकी उपेक्षा न करें। घर के हल्के-फुल्के काम सुविधानुसार पापा से करवा सकती हैं, जिससे वे खुद को उपेक्षित न महसूस करें। इससे उनका समय भी अच्छा बीतेगा और घर चलाने में सहयोग करने की भावना भी उनमें आएगी। उनको अहसास दिलाएं कि वे परिवार का सबसे अहम हिस्सा हैं। इससे उन्हें बहुत खुशी मिलेगी।

कभी हमें बेटों से कम नहीं समझा

शुभांगी अत्रे, टीवी कलाकार

मेरे जीवन को संवारने में मेरे पापा की सबसे बड़ी भूमिका रही है। बहुत से भारतीय परिवारों में बेटों की चाहत और उन्हें महत्व देने की सोच देखी जाती है। पढ़ाई से लेकर उनके शौक पूरा करने और तमाम अन्य मामलों में लड़कों को प्राथमिकता दी जाती है। लेकिन हम तीन बहनें हैं, पापा ने कभी हमें बेटों से कम नहीं समझा, हमें मजबूत बनाया। आज भी जब मैं किसी मुश्किल में फंसती हूं, लगता है कि क्या करूं, तो पापा यही कहते हैं कि तुम सब कुछ कर सकती हो। मेरा हौसला बढ़ाते हैं। लेकिन जब जरूरत होती है, वह मेरी मुश्किलों के सामने मजबूत ढाल की तरह खड़े भी रहते हैं। वे समय-समय पर हमारे मार्गदर्शक बनकर दिशा-निर्देश देते रहते हैं। पापा मेरी सबसे बड़ी ताकत हैं। मेरे पापा मेरे सुपर हीरो हैं। स्कूल, कॉलेज से लेकर करियर बनाने तक उन्होंने सब कुछ प्यार से संभाला है। मेरी हर छोटी-बड़ी सफलता का श्रेय पापा को जाता है।

अभिव्यक्ति

मेरा हौसला मेरे पापा

विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी कुछ जानी-मानी हस्तियां सहेली को बता रही हैं, पिता उनके लिए कितना मायने रखते हैं, वे जीवन की डगर में कैसे संबल बने, पथ-प्रदर्शक बने?

मेरी हर सफलता में उनका योगदान है

हिमा दास, एथलीट

पापा मेरे मेरे मार्गदर्शक हैं। उन्होंने मुझे हमेशा सिखाया कि कड़ी मेहनत और ईमानदारी से सब कुछ हासिल किया जा सकता है। हर सपना पूरा किया जा सकता है। वे मेरे पहले हीरो भी हैं और हमेशा रहेंगे। उनके बिना करियर के इस मुकाम पर पहुंचना मुमकिन नहीं था। पापा ने हर कदम पर मेरा साथ दिया, प्रोत्साहित किया। मेरे जीवन की हर सफलता में उनका योगदान है। फादर्स-डे के इस अवसर पर मैं उन्हें धन्यवाद देना चाहूंगी। उन्होंने मेरे लिए जो कुछ भी किया है, वह बहुमूल्य है। इस कर्ज को उतारा नहीं जा सकता। मैं उनके प्रति जीवन भर ऋणी रहूंगी।

हर परिस्थिति, हर मुश्किल में वह मेरे साथ होते हैं

मैथिली ठाकुर, शास्त्रीय गायिका

मैं आज तक जो कर पाई हूं, वह अपने पिताजी की वजह से कर पाई हूं। लोग मेरे गाने की प्रशंसा करते हैं, लेकिन असल में यह सब कुछ पापा की वजह से है, यह सब उनका है। मैं सिर्फ एक जरिया भर हूं, जो लोगों के सामने गाती हूं, लोग मुझे सुनते हैं। अपने जीवन में मैं कई बार लड़खड़ाई हूं। कई ऐसे मौके आए हैं, जब मेरे पिता ने मुझे संभाला है। याद आते हैं वे दिन, जब मैं रियलिटी शोज से बाहर हो जाती थी, तो बहुत निराशा होती। लेकिन हताशा के समय पापा ने मुझे संभाला, मेरा हौसला बनाए रखा। मुझे शास्त्रीय संगीत के और ज्यादा अभ्यास के लिए प्रेरित किया। जीवन में कोई भी परिस्थिति हो, कोई समस्या हो, वे मेरे साथ खड़े होते हैं। पापा के लिए थैंक्यू शब्द बहुत छोटा है। फादर्स-डे पर उनसे यही कहना चाहूंगी कि मेरी पूरा कोशिश रहेगी कि आपने मेरे लिए जो सपने देखे हैं, वो पूरे हों।

प्रस्तुति: अंशु सिंह

खबर संक्षेप

जोहड़ के ओवरफ्लो होने से बीमारी का खतरा

मंडी अटेली। अटेली क्षेत्र के गांव सिलारपुर में प्राइमरी स्कूल के समीप बने गंदे पानी के जोहड़ ओवरफ्लो होने व नालों की सफाई न होने के चलते ग्रामीणों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि यह जोहड़ पिछले करीब 10 वर्षों से ओवरफ्लो होने से गांव के दुलोठ अटाली रोड पर तथा जोहड़ के नजदीक बनी दुकान व समीप के घरों में पानी भर जाता है। इस समस्या के बारे में स्थानीय विधायक सीताराम यादव व संबंधित विभाग से कह चुके हैं।

100 दिवसीय एनीमिया मुक्त अभियान शुरू

नारनौल। सिविल सर्जन डा. रमेश चंद्र आर्य की मौजूदगी में मंगलवार को नागरिक अस्पताल में 100 दिवसीय एनीमिया मुक्त अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर सिविल सर्जन ने खून में आयरन के महत्व के बारे में बताया। सिविल सर्जन ने एक महिला पुष्पा देवी को आयरन की लाल रंग की गोली देते हुए बताया कि एक व्यस्क महिला के अंदर कम से कम 12 हिमोग्लोबिन का होना आवश्यक है। इस दौरान सिविल सर्जन ने बच्चों को आयरन सिरप व पिंक कलर की गोलियां तथा किशोरों को नीले रंग की गोलियां दी।

योग प्रोटोकॉल ट्रेनिंग शिविर का दूसरा दिन

मंडी अटेली। हरियाणा आयुष विभाग के तत्वावधान में राजकीय महिला महाविद्यालय में तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण प्रोटोकॉल शिविर का आयोजन किया गया। आयुष विभाग के चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास यादव व भूपेंद्र सिंह ने भगवान धन्वंतरि के समक्ष दीप जलाकर शिविर का शुभारंभ किया। डॉ. विकास ने कहा कि यह योग प्रोटोकॉल ट्रेनिंग शिविर आयुष विभाग द्वारा लगाया जा रहा है, जिसमें अटेली खंड के अधिकारी, विभागों के अधिकारी व कर्मचारी, सरपंच, पंच, निर्वाचित सदस्य, पुलिस, कैडेट्स व इच्छुक आमजन हिस्सा ले सकता है।

समारोह कर बच्चों को किया सम्मानित

महेंद्रगढ़। गांव बवानियां में पिछले दो वर्षों में लगभग 25 बच्चों को सरकारी नौकरी लगने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें विभिन्न संगठनों के लोगों ने भाग लिया। गांव की सरपंच पूजा यादव ने बताया कि गांव बवानियां में पिछले दो सालों में लगभग 25 बच्चे अपने अथक मेहनत के साथ सरकारी नौकरी में विभिन्न विभागों में चयनित हुए है, जिसको लेकर गांव में खुशी का माहौल है। सरपंच ने बताया कि उनके गांव के अनेक युवाओं ने उच्च पद पर नौकरी हासिल कर गांव व जिले का नाम रोशन किया हैं।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दी गई ट्रेनिंग

मंडी अटेली। एनीमिया मुक्त हरियाणा 100 दिन अभियान के तहत अटेली खंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक दिन की ट्रेनिंग दी गई। यह ट्रेनिंग डॉ. योगेंद्र कुमार व डॉ. उमेश कुमार द्वारा दी गई। डॉ. योगेंद्र कुमार ने बताया कि डॉक्टरों की टीम के द्वारा सरकारी विद्यालयों में विजिट के दौरान पाया गया कि बहुत से बच्चे एनीमिया के शिकार हैं, उनको एनीमिया मुक्त करने के लिए सरकार ने आयरन की गोलियां देने के लिए कहा। आयरन की गोलियां देने के बाद पाया कि बच्चों के ब्लड लेवल में सुधार हुआ है।

मर्यादित जीवन जीने की प्रेरणा देती श्रीमद्भागवत

सतनाली मंडी। कस्बे के बाबा भैरव मंदिर परिसर में कथा व्यास दास मोहित कौशिक महाराज के सानिध्य में साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा में कथा व्यास ने श्रीराम एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथाव्यास ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपने भक्तों का उद्धार व पृथ्वी को दैत्य शक्तियों से मुक्त करवाने के लिए अवतार लिया था। उन्होंने कहा कि कथाव्यास ने कहा कि भागवत जीवन को सफल व सार्थक बनाने का सूत्र है।

प्रो-एक्टिव सिस्टम से बन रही पेंशन

1603 नागरिकों में से पात्र की इसी माह बन जाएगी पेंशन

मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव ने विभिन्न विषयों को लेकर की वीडियो कांफ्रेंस पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नारनौल। वीडियो कांफ्रेंस के दौरान मौजूद एडीसी दीपक बाबूलाल करवा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा ने कहा कि समाज कल्याण विभाग को मुख्यालय से विभिन्न पेंशन के लिए 1603 नागरिकों की नई सूची आई है। इनका इसी माह वैरिफिकेशन का काम पूरा करवा दिया जाएगा। एडीसी मंगलवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी उमाशंकर के साथ विभिन्न विषयों को लेकर हुई वीडियो कॉन्फ्रेंरस के बाद अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। इस अवसर पर एडीसी ने कहा कि समाज कल्याण विभाग की ओर से विभिन्न योजनाओं के माध्यम से दी जा रही पेंशन के लिए उनकी वैरिफिकेशन करके पेंशन शुरू करवाएं। उन्होंने बताया कि प्रो-एक्टिव सिस्टम से पेंशन बन रही है। जिले में इस माह मुख्यालय से 1603 की सूची आई है। इनको इसी माह पूरा किया जाए, ताकि पात्र लाभार्थियों को इसका लाभ मिले। इस अवसर पर डा. बीआर आंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना व शहरी क्षेत्रों में अमृत-2.0 के संबंध में भी समीक्षा की गई। इस मौके पर कनीना के एसडीएम सुरेंद्र सिंह, एसडीएम डा. जितेंद्र सिंह, एसडीएम नांगल चौधरी मयंक भारद्वाज, नगराधीश मंजीत कुमार तथा अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

बारिश से पहले नालों की सफाई करवाएं अधिकारी: एडीसी

सूखा एवं बाढ़ प्रबंधन को लेकर एडीसी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अभी से योजनाबद्ध तरीके से काम शुरू कर दें। नगर परिषद व पालिकाओं के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बारिश के सीजन से पहले शहरों में जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त करें। सभी नालों की सफाई करवाई जाए। कहीं भी जलभराव नहीं होना चाहिए। इसके अलावा हर साल की तरह दोहान व कृष्णावती नदी में अधिक से अधिक पानी डालकर वाटर हार्वेस्टिंग की जाए।

मत्स्य पालन विभाग की बेरोजगारों के लिए योजना

- स्कीम फॉर द वेलफेयर ऑफ शेड्यूल कास्ट फैमिली इन फिशरीज योजना को करें आवेदन
- जाल खरीद पर मत्स्य पालकों को 40 हजार रुपये की खरीद पर मिलेगा 60 प्रतिशत अनुदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

मत्स्य पालन विभाग की ओर से अनुसूचित जाति के बेरोजगार व्यक्तियों के लिए स्कीम फॉर द वेलफेयर ऑफ शेड्यूल कास्ट फैमिली इन फिशरीज योजना के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक प्रार्थी अपना आवेदन पत्र जिला मत्स्य अधिकारी कार्यालय में जमा करवा सकता है। यह जानकारी देते हुए जिला मत्स्य अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि इस योजना के तहत मछली पालन के लिए पट्टे पर लिए गए तालाबों पर प्रथम वर्ष पट्टा राशि 50 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर अथवा वास्तविक पट्टा राशि का 50 प्रतिशत दोनों में से जो भी कम है व इसकी अधिकतम सीमा दो लाख रुपये है। जाल खरीद पर मत्स्य पालकों को 40 हजार रुपये की खरीद पर 60 प्रतिशत अनुदान देने की व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि अधिसूचित नहरी पानी में मछली पकड़ने के ठेके पर स्वीकृत कुल बोली का 50 प्रतिशत अथवा पांच लाख रुपये अधिकतम अनुदान दिया जाता है। मत्स्यक पालकों को खाद्य खुराक पर 60 प्रतिशत की दर से 90 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर से अनुदान राशि प्रदान की जाती है। इसमें अधिकतम सीमा तीन लाख 60 हजार रुपये है। रेहड़ी पर 60 हजार रुपये की रेहड़ी की खरीद पर 60 प्रतिशत या अधिकतम राशि धनराशि पर 36 हजार रुपये प्रति लाभार्थी जो भी कम होगा, वह अनुदान के रूप में मान्य होगा। तालाब सुधार पर तीन वर्ष या इससे अधिक पर नवीनीकरण किए जाने का प्रावधान किया गया है। पंचायती तालाब व निजी तालाब के तहत कुल परियोजना लागत दो लाख रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से सामान्य श्रेणी के लिए कुल परियोजना लागत का 40% तथा अनुसूचित जाति महिला लाभार्थियों के लिए परियोजना लागत का 60 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जाएगा। मछली उत्पादन की बिक्री के लिए उक्त मद के तहत 60 हजार रुपये की रेहड़ी खरीद पर 60 प्रतिशत या अधिकतम धन राशि पर 36 हजार रुपये प्रति लाभार्थी जो भी कम होगा।

आईआईटी जेईई में बीपीएस का रहा सराहनीय प्रदर्शन

नारनौल। शहर के कुलताजपुर रोड स्थित बीपीएस स्कूल के विद्यार्थियों का जेईई एडवांस में सराहनीय प्रदर्शन रहा। संस्था के प्राचार्य उदयभान राव ने बताया कि स्कूल के तीन विद्यार्थियों दीक्षित पुत्र मनोज, पंकज पुत्र बलबीर व रौनक पुत्र राजपाल ने अच्छे रैंक के साथ यह एग्जाम क्वालिफाई किया। सभी क्वालिफायर्स ने अपनी सफलता का राज कठोर मेहनत, नियमित प्रॉब्लम सोलविंग हैबिट व नियमित अध्ययन के साथ-साथ अपने अध्यापकों का मार्गदर्शन को बताया। इस उपलब्धि पर संस्था के वाइस चेयरमैन कमल संघी, सहसचिव डा. कर्ण चौधरी ने सभी क्वालिफायर्स को सम्मानित किया व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जेपी गर्ग, अशोक सैनी, नवीन जांगिड़, मनोज सोनी व अश्वनी कुमार ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

नेशनल मॉडल स्कूल के जनक ने पाया 2275 रैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

नेशनल मॉडल स्कूल के छात्र जनक ने जेईई एडवांस के घोषित परिणाम में 2275 में रैंक हासिल कर विद्यालय तथा अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर छात्र का विद्यालय में सम्मान किया गया। प्राचार्य ओमप्रकाश यादव ने छात्र एवं उसके अभिभावकों को बधाई दी। छात्र ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के अध्यापकों तथा अपने अभिभावकों को दिया है। छात्र जतिन पढ़ने में हमेशा अव्वल रहा है वह भविष्य में आईआईटी में प्रवेश लेकर अपने देश का नाम रोशन करना चाहता है। इस मौके पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा तथा छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

जीवन में योग का महत्व बताया

- तीन दिवसीय प्रोटोकॉल ट्रेनिंग शिविर में कराया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

महेंद्रगढ़। शिविर में योग की क्रियाएं करते साधक। फोटो : हरिभूमि

स्थानीय चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क में 21 जून को मनाये जाने वाले 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर खंड स्तरीय तीन दिवसीय योग प्रोटोकोल प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया गया। जिला प्रशासन व आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में लगाए गए इस शिविर में योग सहायक सुनील कुमार ने आए हुए लोगों को योग क्रियाएं करवाने के साथ साथ जीवन में योग के महत्व के बारे में बताया। आयुष विभाग से डॉ. नवीन ने बताया कि सरकार की ओर से जारी हिदायतों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए योग प्रोटोकोल प्रशिक्षण शिविर की श्रृंखला में जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वाधान में प्रत्येक खंड में प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन ब्लॉक स्तर पर किया जा रहा है। योग भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में पूरी दुनिया ने योग को अपनाया है।

योग ग्रामीण स्तर तक पहुंच सके और 21 जून को प्रत्येक खंड पर योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योग करने से मनुष्य अनेक प्रकार की बीमारियों से बचा रहता है व एक लंबा स्वस्थ जीवन जीता है। आज के योग प्रशिक्षण शिविर में ग्रीवा चालन, ग्रीवा घुमाव, स्कंध खिंचाव, स्कंध चक्र, कटि चालन, घुटना संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन, शशकासन, उत्तानमंडूकासन, वक्रासन, मकरासन, सेतुबंधासन के अलावा प्राणायाम में कपालभाति और प्रार्थना करवाई गई।

इस अवसर पर आयुष विभाग से डॉ. नितिन जागड़ा, बीडीपीओ से कार्यालय से मोहन लाल सहित अन्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

सिहमा के 51 को प्लॉट नंबर अलॉट

मंडी अटेली। सिहमा खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी नवदीप की देखरेख में मंगलवार को खंड कार्यालय महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत 51 लाभार्थियों को ड्रा के माध्यम से 100-100 वर्ग गज के प्लॉट नंबर दिए। इस मौके पर खंड कार्यालय सिहमा के बीडीपीओ नवदीप ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत सिहमा के लाभार्थियों को 100-100 वर्ग गज के प्लाट की स्वामित्व प्रमाणपत्र प्रदान किया जा चुका है। सोमवार को सभी के सामने पर्ची के माध्यम से ड्रा निकालकर प्लाट नंबर दिए गए। 12 जून सभी लाभार्थियों गांव की पंचायत भूमि में सभी को प्लांट वितरित कर दिए जाएंगे। इसके अलावा सभी लाभार्थी आज ही अपनी पुरानी वाली रजिस्ट्री साथ लेकर आए। प्लाट के लिए जमीन उपलब्ध नहीं है, वहां लाभार्थियों को एक-एक लाख की सहायता मिलेगी।

देवयानी के मुकेश 54रैंक के साथ बना आईआईटीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

एनटीए द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में देवयानी इंटरनेशनल स्कूल बेवल का मुकेश कुमार ने 54वीं कैटेगरी रैंक हासिल कर जेईई एडवांस का टेस्ट क्वालिफाई कर अपने माता-पिता, अध्यापक, स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया।

प्राचार्य बलवान सिंह ने बताया कि मुकेश की यह उपलब्धि इसलिए खास है कि इसने कक्षा-कक्ष की तैयारी से ही यह मुकाम हासिल किया। मार्च में सीबीएसई की परीक्षा के बाद भी इस बच्चे ने नियमित स्कूल आकर जेईई एडवांस की तैयारी जारी रखी। बच्चे के अनुशासन, कड़ी, मेहनत, अध्यापक का उचित मार्गदर्शन से ही यह सब हासिल हो पाया। चेयरमैन सुनील कुमार ने अपनी अध्यापक टीम और अभिभावक का धन्यवाद करते हुए बच्चे के उज्जवल भविष्य की कामना की।

स्कूल प्रांगण में हुए कार्यक्रम मे रसायनिक विज्ञान प्रवक्ता हितेश गुप्ता, भौतिक विज्ञान प्रवक्ता केएल मीना, गणित प्रवक्ता बलवान सिंह के साथ देवयानी स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

पानी बर्बादी पर अंकुश लगाएं

- सिरोही बहाली में जल जागरूकता बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

नांगल चौधरी। सिरोही बहाली में जल संरक्षण रैली निकालती विभागीय टीम व ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

सिरोही बहाली में जल जागरूकता बैठक का आयोजन सरपंच लेखराज की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें जन स्वास्थ्य विभाग की जल एवं स्वच्छता सहायक नीशू कौशिक मुख्य रूप से मौजूद रही। उन्होंने ग्रामीणों को पानी की बचत करने के टिप्स दिए और दैनिक जीवन में जल की उपयोगिता से अवगत करवाया।

उन्होंने कहा कि गांवों में पेयजल की जितनी डिमांड होती है उससे अधिक पानी नलकूप की टोंटी, पाइप की लीकेज, टंकियों पर खराब टोंटी तथा घरेलू कार्यों में अनावश्यक बर्बाद हो जाता है। अधिकतर लोग टंकियों की खूली टोंटी की बंद नहीं, पाइप की लीकेज को अनदेखा करते हैं। जिस कारण सप्लाई का पानी मोहल्ले की अंतिम टेल तक नहीं पहुंच पाता। इसके अलावा खुले नलकूप से फसलों की सिंचाई करते हैं, जिस कारण 20 एकड़ की सिंचाई का पानी एक एकड़ में खर्च हो जाता है। समाधान के लिए सरकार ने ड्रिप फव्वारा सिस्टम लांच किया है। इसके इस्तेमाल पर किसानों को अनुदान की सुविधा मिलेगी, साथ ही पौधे को जरूरत के अनुसार पानी मिलेगा।

ड्रिप फव्वारे की सिंचाई से खेत में लंबे समय तक नमी रहती है, जिससे अनाज स्वादिष्ट और पौष्टिक तैयार होगा। उन्होंने ग्रामीणों को बारिश के पानी का संचय करने तथा पौधरोपण करने का सुझाव दिया। समस्याओं के समाधान को लेकर विभाग ने 18001805678 टोल फ्री नंबर निर्धारित जारी किया है। इससे पहले ट्रेनर दरियाव सिंह ने पानी बचाने के टिप्स ग्रामीणों को दिए तथा उन्हें पानी की बर्बादी पर अंकुश लगाने की शपथ दिलाई है। इस मौके पपर आशा वर्कर गीता देवी, मीना देवी, भूजल सहेली सविता देवी, पूर्व पंच गंगाराम, ट्रेनर सरोज ने विचार व्यक्त किए।

होस्टलर चिराग ने 11वीं रैंक प्राप्त कर किया नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

चिराग।

अनूप यादव।

आरपीएस विद्यालय में होस्टल में रहकर शिक्षकों के मार्गदर्शन में पढ़ाई कर रहे छात्र चिराग यादव ने जेईई एडवांस्ड अपनी कैटेगरी में ऑल इंडिया 11वीं रैंक हासिल कर नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए बड़ी उपलब्धि हासिल की है। छात्र के पिता राजेन्द्र यादव तथा माता ललीता का सपना था कि उसका बेटा इंजीनियर बनकर देश की सेवा करें। परीक्षा के बाद भी छात्र दो माह तक लगातार होस्टल में रहकर इसकी तैयारी करता रहा। छात्र ने बताया कि स्कूल में आरपीएस टेस्ट सीरीज, डाउट क्लासेस, असाइनमेंट के साथ प्रतिदिन 7-8 घंटे पढ़ाई कर यह उपलब्धि हासिल की है। अपनी इस उपलब्धि का श्रेय छात्र चिराग यादव ने आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी मनीष राव तथा प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी सहित अपने शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन को दिया। छात्र ने कहा कि आरपीएस के होस्टल में पढ़ाई करने का बेहतरीन वातावरण उसे सदा याद रहेगा। किसान नरेश कुमार के बेटे तथा आरपीएस विद्यालय नारनौल के छात्र अनूप यादव ने जेईई एडवांस में अपनी कैटेगरी में 37वां रैंक प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। मामा कमलेश देवी एक गृहिणी है। गांव नीरपुर निवासी किसान नरेश कुमार ने बताया कि उनका सपना था कि उनका बेटा देश का बेहतर इंजीनियर बनकर देश की सेवा करें।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित

बकरी पालन व्यवसाय लाभ का व्यवसाय: विजय सिंह

- 13 से सिलाई, अकाउंटिंग, बकरी पालन व आर्टिफिशियल ज्वेलरी प्रशिक्षण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नारनौल। प्रमाण-पत्र के साथ प्रशिक्षणार्थी, साथ में जिला प्रबंधक विजय सिंह।

पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान नसीबपुर में आयोजित बकरी पालन प्रशिक्षण का मंगलवार को पंजाब नेशनल बैंक के मुख्य अग्रणी जिला प्रबंधक विजय सिंह की मौजूदगी में समापन समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए। पंजाब नेशनल बैंक के मुख्य अग्रणी जिला प्रबंधक विजय सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि बकरी पालन व्यवसाय एक लाभ का व्यवसाय है। इसे रोजगार के रूप में अपनाकर अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि बकरी पालन से गरीब आदमी को दूध तो मिलता ही है तथा साथ में अच्छी आमदनी भी प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान नसीबपुर में 13 जून से सिलाई, कम्प्यूटराइज्ड अकाउंटिंग, बकरी पालन, आर्टिफिशियल ज्वेलरी का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें 18 से 45 वर्ष के बीच के आयु वर्ग का कोई भी बेरोजगार महिला या पुरुष प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए प्रार्थी आधार कार्ड, राशन कार्ड, परिवार पहचान पत्र की छायाप्रति एवं चार पासपोर्ट साईज फोटो अपने साथ लेकर आएं। प्रशिक्षण के लिए अपना रजिस्ट्रेशन किसी भी कार्य दिवस पर संस्थान के कार्यालय धरसूं रोड नसीबपुर में करवा सकते हैं।

प्रशिक्षण कार्यक्रम संस्थान की ओर से निःशुल्क करवाए जाते हैं तथा संस्थान की ओर से प्रशिक्षणार्थियों के भोजन, ट्रेनिंग मैटीरियल, स्टेशनरी आदि की व्यवस्था भी निःशुल्क की जाती है। इस संबंध में संस्थान के दूरभाष संख्या 01282-260199 पर संपर्क कर जानकारी ले सकते हैं।

सूचना

मै कमल सिंह पुत्र उदमीराम जाति जाट वासी दौंगली तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सोनू कुमार मेरे से अलग रहता है और मेरा कोई कहना नहीं मानता है और अपनी मनमर्जी करता है। इसलिए मै अपने पुत्र सोनू कुमार को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी कोई जिम्मेदारी नही होगी।

सूचना

मैं विपिन अग्रवाल पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी हुडा सेक्टर-1 मकान नं. 398, नारनौल जिला महेंद्रगढ़ ने भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए अपने बेटे का नाम मयंक से बदलकर मयंक अग्रवाल रख लिया है।

SANSKRITI INSTITUTE OF EDUCATION & TECHNOLOGY
Nizampur Road, Amarpur Jorasi (Narnaul)
Tel. : 01282-242444, 9812224055, 9671668844, 9416454720
Accredated by NACC with "B" Grade (sietnnl@rediffmail.com)
Required following Teaching & Non-Teaching Staff
M.Ed. : Prof.-1, Asso. Prof. - 2, Assistant. Prof.-2
B.Ed. : Perspectives in Edu.-8, Pedagogy Subject-16, Fine Art-1, Performing Art-1, Health & Phy. Education-1
Non-Teaching : Office Supdt.-1, Account Assist.-1, Computer Operetor-1, Comp. Lab. Assist.-1, Store Keepar-1, Lab Att./Helper-1, Lab Att. (Phy)-1, Librarian-1, Peon-1, Sweeper-2
Salary & Qualification as per norms of NCTE/IGU Meerpur, Rewari
Candidate send your biodata and One set documents photocopy at College Campus & One copy of biodata send to Dean of OCDC IGU Meerpur, with fee Rs. 1000/- by Regd. Post or by Hand which must Reach Within 21 days from the Publication of Advertisment. Brings all Original Certificate and to recent colour pasport size photographs at Interview time. **Chairman**

खबर संक्षेप

आग लगने से नुकसान की भरपाई की मांग

मंडी अटेली। अटेली क्षेत्र के गांव गणियार में ईंधन तथा खोखे में आग लगने से काफी नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने राज्य सरकार तथा जिला उपायुक्त से तत्काल सर्वे करवाकर प्रभावित अनुसूचित जाति के लोगों को आर्थिक सहायता देने की मांग की है। गत रविवार गांव गणियार में रात्रि को अज्ञात कारणों से आग लगने से लगभग 40 परिवारों का रखा हुआ ईंधन, लकड़ियां, खाद व पेड़ जलकर राख हो गए।

वकील के दफ्तर में चोरी बिजली सामान ले गए

नारनौल। नांगल चौधरी में वकील के दफ्तर में चोरी की वारदात हुई है। एडवोकेट कुलदीप भरगड़ ने शिकायत में बताया कि नांगल चौधरी नए बस स्टैंड के सामने एक मकान/आफिस बनाया हुआ है। पिता विजयसिंह के नाम से बिजली मीटर लगा हुआ है। वह पिछले छह-सात दिन से आफिस पर नहीं आया था। सोमवार दोपहर तीन बजे आफिस आया तो मेन गेट पर लॉक लगा हुआ था और अंदर आफिस की खिड़की को तोड़ा हुआ था।

जागरण एवं हनुमान जी का रोट में उमड़ी श्रद्धा

महेंद्रगढ़। गांव कुरहावटा में हनुमान जी के रोट के उपलक्ष्य में सोमवार को बालाजी के रात्रि जागरण का आयोजन करवाया गया तथा मंगलवार को गांव के सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम निरंजन लाल एवं सरोज देवी की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम के यजमान उमेश कुमार एवं पूजा यादव सपरिवार थे, जबकि दरबार का पूजन गौशाला बुचियावाली मंदिर के पुजारी राजन शर्मा ने विधिवत मंत्रोच्चार से करवाया। कार्यक्रम का आगाज श्री आदर्श संकीर्तन मंडल के संचालक मास्टर अमरसिंह सोनी के द्वारा गणेश वंदना से किया गया।

नागरिक अस्पताल में पानी की लगाई छबील

महेंद्रगढ़। भीषण गर्मी के मौसम को देखते हुए नागरिक अस्पताल के कर्मचारियों ने शीतल शरबत की छबील लगाई। इस दौरान अस्पताल में आने वाले लोगों को मीठा जल पिलाया गया। नागरिक अस्पताल के सीनियर फार्मासिस्ट अजय कक्कड़ ने बताया कि अस्पताल में आने वाले राहगीरों को भीषण गर्मी में कुछ राहत प्रदान करने के लिए शीतल शरबत पिलाकर उन्हें गर्मी से कुछ राहत देने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि इन दिनों सूर्य देवता अपने प्रचंड प्रकोप पर हैं।

सोहड़ी में छबील लगाकर पिलाया शरबत

सतनाली मंडी। खंड के गांव सोहड़ी में छबील लगाकर बाबा भैंया ग्रामीण उत्थान क्लब सदस्यों ने लोगों को शीतल शरबत पिलाकर पुण्य अर्जित किया। सोनू सिंह प्रधान, भूपेंद्र सिंह, लक्की, बिल्लू, सोमबीर सिंह, कै. अशोक साहब, प्रवीण, शंकर सिंह, महासिंह, बिट्टू आदि ने बताया कि सोहड़ी में बस अड्डे पर छबील लगाकर लोगों के शरबत पिलाया। गर्मी में सड़क से गुजर रहे लोगों को राहत दिलाने के लिए शीतल शरबत पिलाया। मानव सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है। इन दिनों लोग छबील लगाकर ठंडा पानी पिलाकर पुण्य अर्जित कर रहे हैं।

तापमान में बढ़ोतरी से आमजन परेशान, मानसून के लिए अभी इंतजार

भीषण गर्मी के चलते नेशनल हाईवे तक हो रहे वीरान, जरूरी हो तभी घरों से निकलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

कुछ दिन की राहत के बाद भीषण आग उगलने वाली गर्मी व गंभीर हीट वेव लू फिर से अपने तेवरों को प्रचंड करने लगी हैं। जिसके चलते आसमान से झुलसाने वाली आग बरस रही है। भीषण गर्मी से परेशान आमजन बेसब्री से मानसून का इंतजार कर रहे हैं। वहीं हरियाणा-एनसीआर दिल्ली में मंगलवार फिर से अनेक स्थानों पर तापमान 45.0 को पार कर गया, जबकि मेवात में दिन का पारा 45.9 तक पहुंच गया। वहीं नारनौल का रात्रि तापमान 31.0 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। जिससे राज्य में मेवात का दिन व नारनौल की रात सबसे ज्यादा गर्म दर्ज हुई। बता दें कि पश्चिमी शुष्क गर्म हवाओं का रूख हरियाणा-एनसीआर दिल्ली पर हो गया है। जिसके चलते भारतीय मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया है। चार-पांच दिनों दिनों तक भीषण गर्मी व लू के खतरे को देखते हुए मौसम विभाग ने हरियाणा के 16 जिलों पर ऑरेंज अलर्ट व छह पर येलो अलर्ट जारी कर दिया है। एनसीआर दिल्ली में फिर से दिन के तापमान ने रफ्तार पकड़ ली है। ऐसे में अगले चार-पांच दिनों में दिन व रात के तापमान में उछाल देखने को मिलेगा। एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ 15 जून को सक्रिय होने से सम्पूर्ण इलाके में 15-18 जून के दौरान तेज गति से हवाएं, अंधड़ व आंशिक बादलवाही देखने को मिलेगी।

कनीना। ज्येष्ठ मास के दूसरे पखवाडे में भी बारिश न होने पर आसमान से आग बरस रही है। जिसकी तपन चंहुओर महसूस हो रही है। सप्ताहभर की राहत के बाद पुनः तापमान में वृद्धि हो रही है। मंगलवार को क्षेत्र का तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भीषण गर्मी के चलते घरों की दीवारें भी गर्म होने गली है। नतीजेतन कूलर-पंखे भी फेल हो गए हैं। हीट वेव से आगजनी की घटनाएं घटित होने की संभावना बन रही हैं। गर्मी का असर पशु-पक्षियों पर भी दिखाई देने लगा है। ईंधर कूलर-पंखे, एसी लगातार चलने से बिजली की खपत भी बढ़ी है। वहीं 132 केवी पावर ग्रिड सब स्टेशन नांगल मोहनपुर व कनीना पावर हाउस में बिजली निगम कर्मचारी बिजली उपकरणों के सामने हाई स्पीड पंखे चलाकर उनका तापमान बराबर रख रहे हैं। सड़कों से निकलती आग की लपटों के कारण नेशनल हाईवे भी वाहनों की कमी से वीरान दिखाई देने लगे है। करीब पखवाड़ेभर तक गर्मी का सितम जारी रहने का अनुमान है। उपनागरिक अस्पताल के चिकित्सक डा. जितेंद्र मोरवाल ने बताया कि आमजन गर्मी व लू से बचाव करें। रोजमर्रा के सभी जरूरी कार्य सुबह-सायं करें, पानी का सेवन अधिक करें। सूती कपडे पहने और घर से बाहर निकलते समय सिर पर तोलिया, टोपी या छाता रखें। प्यास न होने पर भी बार-बार पानी पिएं।, घर का बना नींबू-पानी, लस्सी व राबड़ी का सेवन करें, फास्ट फूड, जंक फूड से परहेज करें।

कनीना। गर्मी के चलते वाहनों के पहियों पर लगे ब्रेक, दोपहर के समय वीरान दिखाई देता नेशनल हाईवे 152 डी। फोटो : हरिभूमि

मौसम विशेषज्ञ बोले

मौसम विशेषज्ञ डा. चंद्रमोहन ने बताया कि मानसून के हरियाणा एनसीआर दिल्ली में आने में अभी एक पखवाड़े से अधिक का समय है, साथ ही अभी बंगाल की खाड़ी पर भी कोई हलचल नहीं है, यानी हरियाणा/एनसीआर दिल्ली को अभी मानसून का इंतजार करना पड़ेगा। भीषण गर्मी व गंभीर हीट वेव का शायद इस सीजन का यह आखिरी दौर रहेगा। हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर दिन का तापमान 42.0 डिग्री सेल्सियस से 45.9 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया, जबकि हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर रात्रि तापमान 25.0 डिग्री सेल्सियस से 31.0 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया।

करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से बनी थी मॉडल सड़क

पानी के अभाव में मॉडल सड़क पर लाखों खर्च लगाए पौधों ने तोड़ा दम

डिवाइडर के बीच पाम व अन्य तरह के लगाए गए थे पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

शहर के सौदर्यकरण को बढ़ावा देने के लिए राव तुलाराम चौक से सीएसडी कैंटीन तक डिवाइडर के बीच में लाखों रुपये की लागत से लगाए गए पौधों ने पानी के अभाव में दम तोड़ दिया है। इसके अलावा पौधे सूख गए हैं। इसके अलावा लाखों रुपये की लागत से डिवाइडर पर लगाई गई टाइलों पर निजी संस्थान पंपलेट लगाकर सूरत बिगाड रहे है। बता दें कि राव तुलाराम चौक से महेंद्रगढ़ शहर में प्रवेश किया जाता है। इसलिए इस सड़क को शहर की प्रमुख सड़क माना जाता है। नगर पालिका ने ऐसी सोच के साथ इस सड़क राव तुलाराम चौक से सीएसडी कैंटीन तक की सड़क को मॉडल सड़क बनाया था, ताकि शहर के सौदर्यकरण को बढ़ावा दिया जा सके। रोड के बीचों-बीच बने डिवाइडर को नया लुक दिया गया था। इस रोड व डिवाइडर दोनों के निर्माण पर पालिका करीब डेढ करोड़ रुपये खर्च किए गए थे, ताकि शहर के लोग को ही नहीं, यहां आने वाले ग्रामीण लोगों को भी जर्जर मार्ग के कारण काफी परेशानियां उठानी न पड़े। तारकोल के जर्जर रोड पर कारपेट तो आरसीसी पर मैस्टिक लेयर लगाकर नगर पालिका इस मार्ग को मॉडल सड़क का दर्जा दिया था। नगर पालिका ने सड़क के निर्माण कार्य में करीब 98 लाख रुपये की राशि खर्च की थी। वहीं डिवाइडर पर करीब 49 लाख खर्च कर जर्जर डिवाइडर के सुधरीकरण किया गया था। डिवाइडर के दोनों ओर ईंटों की दीवार बनाकर उस पर कच्चा सा प्लास्टर कर और उसके ऊपर ग्रेनाइट पत्थर लगाए गए थे। डिवाइडर के बीच पाम व अन्य पौधे लगाए गए हैं। जब यह पौधे लगाए गए थे, तब नगर पालिका की ओर से टैंकर के माध्यम से पौधों में पानी की छिड़काव किया जाता था, लेकिन अब नगर पालिका की ओर से पौधों में पानी नहीं दिया जा रहा है, जिसके चलते पौधे अब सूख चुके हैं।

महेंद्रगढ़। डिवाइड के बीच में सूखे पौधे। फोटो : हरिभूमि

पंपलेट लगाकर बिगाड़ रहे सूरतः

शहर में यातायात सुगम बनाने के लिए राव तुलाराम चौक से सीएसडी कैंटीन तक डिवाइडर तैयार किया गया। डिवाइडर बनने से न केवल यातायात आसान हुआ, बल्कि इससे शहर की सुंदरता में भी वृद्धि हुई है। डिवाइडर के साथ नपा द्वारा करीब 49 लाख खर्च कर ग्रेनाइट के पत्थर भी लगाए गए थे। लेकिन निजी संस्थान इसे कुरूप बनाने में जुटे हैं।

इतना ही नहीं डिवाइडर का इस्तेमाल प्रचार प्रसार के लिए किया जा रहा है। जगह-जगह निजी संस्थानों द्वारा बैनर पोस्टर लगाए गए हैं। इसके अलावा दुकानदारों द्वारा मॉडल सड़क पर पूरी तरह अतिक्रमण कर रखा है। बढ़ता अतिक्रमण मॉडल सड़क की सूरत पर ग्रहण लगा रहा है। नगर पालिका द्वारा अतिक्रमणकारियों को केवल हिदायत देकर छोड़ दिया जाता है। वहीं अतिक्रमण के चलते सड़क के दोनों तरफ इंटर लॉक टाइल लगाने का काम भी अभी अधूरा है।

यदुवंशी डिग्री कॉलेज में बीएससी योग कोर्स शुरू

- फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 25 जून

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

यदुवंशी डिग्री कॉलेज बीएससी योग में प्रवेश प्रारंभ हो गए हैं। अब किसी भी स्ट्रीम से 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए खुशखबरी है, फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 25 जून है। यदुवंशी डिग्री कॉलेज प्राचार्य बबरुभान ने बताया की नई शिक्षा नीति के अनुसार इसी सेशन से अभी योग का कोर्स यदुवंशी डिग्री कॉलेज में शुरू हो गया है। पूरे हरियाणा में यदुवंशी कॉलेज ऐसा पहला कॉलेज है, जहां बीएससी योगा की पढ़ाई करवाई जाएगी। अब योग का कोर्स करने के लिए हरिद्वार, ऋषिकेश, दिल्ली जाने की जरूरत नहीं है। नई शिक्षा नीति के अनुसार योग में एक साल का सर्टिफिकेट कोर्स, दो साल का डिप्लोमा तीन साल का बीएससी योगा और 4 वर्ष में बीएससी ऑनर्स विद रिसर्च भी कर सकते हैं। यह सभी कोर्स आईजीयू से मान्यता प्राप्त हैं। संस्था चेयरमैन पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने बताया कि योग में डिग्री करने के बाद विद्यार्थी स्वयं का अपना योग सेंटर खोल सकते हैं, व्यायाम शालाओं और आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी में योग इंस्पेक्टर के पद पर भी कार्य कर सकते हैं।

हजरस के राज्य स्तरीय अधिवेशन को लेकर चर्चा

नारनौल। हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ (हजरस) की बैठक आंबेडकर भवन नजदीक कोर्ट परिसर में हुई। जिसमें हजरस के 29 जून को महेंद्रगढ़ में प्रस्तावित एक दिवसीय राज्य स्तरीय अधिवेशन को लेकर चर्चा की गई, सभी सदस्यों को निमंत्रण के साथ जिम्मेदारियां दी गई। राज्य वरिष्ठ उपप्रधान होशियार सिंह ने कहा कि 29 जून को महेंद्रगढ़ में होने वाले राज्य स्तरीय अधिवेशन में हजरस कार्यकारिणी व अन्य अध्यापक साथी ज्यादा से ज्यादा अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएं। अधिवेशन में राज्यस्तरीय चुनाव करवाए जाएंगे। बैठक की अध्यक्षता राजपाल गोरा प्रधान हरियाणा अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी कल्याण संघ ने की। मौके पर राज्य उपप्रधान सुरेशचंद्र सरोहा, विजेंद्र सिंह चौहान, नारनौल प्रधान सुरेंद्र अम्बेडकर, सचिव उमेश गोठवाल, महेंद्रगढ़ प्रधान जयसिंह रंगा, राजेश पीटीआई, रामकिशन मरोडिया, सुरेश, महेश, राजपाल आदि मौजूद थे।

आरपीएस इंजिनियरिंग कॉलेज में चार सप्ताह समर इंटर्नशिप ट्रेनिंग प्रोग्राम

महेंद्रगढ़। समर इंटर्नशिप ट्रेनिंग का उद्देश्य छात्रों और युवाओं को उनके कौशल और ज्ञान को विकसित करने का मौका देना होता है। इसी दिशा में एक नई पहल के रुप में आरपीएस इंजि. कॉलेज बलाना के इलेक्ट्रिकल इंजि. विभाग द्वारा समर इंटर्नशिप प्रोग्राम कराया जा रहा है। इस कार्यक्रम का आगमन 11 जून को किया गया तथा 10 जुलाई तक इस का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि कॉलेज डॉयरेक्टर डॉ. महेश यादव रहे तथा कॉलेज रजिस्ट्रार डॉ. देवेन्द्र यादव, डीन प्रो. राजेन्द्र यादव, विभागाध्यक्ष प्रो. विशाल मित्तल व अन्य शिक्षक मौजूद रहें। इस प्रोग्राम के माध्यम से छात्रों को व्यावहारिक अनुभव व उद्योग की जानकारी प्रदान करने का रहा। इस इंटर्नशिप के दौरान, छात्रों को विभिन्न प्रोजेक्ट्स और तकनीकी गतिविधियों में भाग लेना का अवसर दिया जाएगा। इस प्रोग्राम में इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रोनिक्स तथा कंप्यूटर साइंस के 21 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्यातिथि कॉलेज डॉयरेक्टर डॉ. महेश यादव व डीन प्रो. राजेन्द्र यादव ने इंटर्नशिप प्रोग्राम के सफल आयोजन करने पर इलेक्ट्रिकल विभाग के शिक्षकों को बधाई दी तथा नवीनतम प्रशिक्षण की जरुरतों का उल्लेख किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया की गर्मी के महीनों में इंटर्नशिप प्रोग्राम किसी छात्र या युवा के लिए एक महत्त्वपूर्ण अनुभव होता है तथा आरपीएस इंजि. कॉलेज इस प्रकार के कार्यक्रम को प्रोत्साहन देता रहेगा।

प्रोफेसर टंकेश्वर ने किया वृद्धि का विमोचन

- ग्रामीणों ने जनस्वास्थ्य विभाग से नया बोरवेल लगवाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने मंगलवार को मनोविज्ञान विभाग की प्रो. पायल चंदेल और डॉ. दिव्या वशिष्ठ द्वारा संपादित पुस्तक वृद्धि भारतीय संदर्भ में पश्चय आघातीय वृद्धि का विमोचन किया।

प्रो. टंकेश्वर कुमार ने मनोविज्ञान के क्षेत्र में संपादकों के इस व्यावहारिक योगदान की सराहना की। कुलपति ने कहा कि यह पुस्तक अभिघात से बचे लोगों के जीवन के दृष्टिकोण को बेहतर बनाने में मददगार साबित होगी। यह पुस्तक व्यक्तियों को विभिन्न संकटों का सामना करते हुए जीवन में आगे बढ़ने में मददगार साबित होगी। डॉ. दिव्या वशिष्ठ ने कहा कि यह पुस्तक जीवन की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सकारात्मक ढ़ंग से सामना करते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। पुस्तक में व्यापक रूप से भारत के संदर्भ में विशेष रूप से ऐसी परिस्थितियों का सामना करने का उल्लेख किया गया है।

प्रो. पायल चंदेल ने पुस्तक की बहुमुखी उपयोगिता को रेखांकित करते हुए कहा कि इसे व्यापक दर्शकों को लाभ पहुंचाने के लिए डिजाइन किया गया है। विद्यार्थी इसे अपने शैक्षणिक संसाधनों में एक अमूल्य वृद्धि पाएंगे, शोधार्थी इसका उपयोग शोध और संदर्भ के लिए कर सकते हैं, शिक्षक इसके निष्कर्षों को अपने शिक्षण में शामिल कर सकते हैं तथा आम जनता लचीलापन तथा व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देने में व्यावहारिक अंतदृर्ष्टि प्राप्त कर सकती है। वृद्धि भारतीय संदर्भ में पश्चय आघातीय वृद्धि मनोवैज्ञानिक लचीलापन तथा परिवर्तन के अध्ययन में एक आवश्यक पाठ बनने की उम्मीद है।

इसका प्रकाशन हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो ज्ञान को आगे बढ़ाने तथा विद्वानों की उत्कृष्टता के माध्यम से व्यक्तियों की भलाई का समर्थन करने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

महेंद्रगढ़। पुस्तक का विमोचन करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। फोटो : हरिभूमि

आईआईटी जेईई एडवांस व नीट में पीआरएस के छात्रों का बेहतर प्रदर्शन

सतनाली मंडी। कस्बे के पीआरएस इंटर नेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने आईआईटी जेईई एडवांस व नीट की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर अपना व स्कूल का नाम रोशन किया है। प्राचार्य संदीप शर्मा ने बताया कि स्कूल के छात्र दीपक ने जनरल ईडब्ल्यूएस कैटेगरी में 551वीं रैंक, देवराज ने 2489, सौरव शेखावत ने 2623, पुनीत ने 3010, कपिल ने 4113वीं रैंक प्राप्त की। इसी प्रकार नीट परीक्षा में मधु रानी ने 648 अंक, हेमलता ने 630, उजाला ने 626, नीरज कुमार ने 600, सुधा 587, शुभम ने 570, दीपांशी ने 556, निकिता ने 537, हर्षिता शर्मा ने 504 अंक प्राप्त कर प्रतिभा का लोहा मनवाया। सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए स्कूल चेयरमैन अमरनाथ सुरोलिया व प्राचार्य संदीप शर्मा ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

केंद्रीय विवि में बीटेक लेटरल एंट्री के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अंतर्गत संचालित प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी, सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग व कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग कार्यक्रम में लेटरल एंट्री स्कीम के अंतर्गत बीटेक-द्वितीय वर्ष (तृतीय सेमेस्टर) में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी का उद्देश्य सामाजिक तथा कॉपोरेट जिम्मेदारी के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले पेशेवर तकनीकी प्रोफेशनल तैयार करना है। साथ ही विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के संचार कौशल, समस्या निदान पर भी जोर दे रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के शिक्षण के लिए योग्य एवं औद्योगिक व अनुसंधान अनुभव रखने वाले शिक्षक उपलब्ध हैं। स्कूल के पास आधुनिक उपकरणों एवं नवीनतम अनुसंधान सुविधाओं से सुसज्जित प्रयोगशालाओं के साथ समृद्ध पुस्तकालय भी उपलब्ध है। हकेंवि के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अधिष्ठाता प्रो. फूल सिंह ने बताया कि बीटेक कार्यक्रम में लेटरल एंट्री स्कीम के अंतर्गत बीटेक-द्वितीय वर्ष (तृतीय सेमेस्टर) प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है।

विधानसभा निर्दलीय प्रत्याशी बलवान फौजी के नेतृत्व में सौंपा ज्ञापन

एक वर्ष से कॉलोनी में आ रही है बिजली की कम वोल्टेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

शहर के वार्ड नंबर एक की मास्टर कॉलोनी के लोगों ने बिजली की समस्या के समाधान के लिए समाजसेवी बलवान फौजी के नेतृत्व में उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कॉलोनी के लोगों ने बताया कि एक वर्ष से कॉलोनी में कम वाल्ट बिजली मिलने के कारण परेशानी उठानी पड़ रहीं हैं। कई बार निगम अधिकारियों को भी समस्या के बारे में अवगत कराया जा चुका है, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। समाजसेवी बलवान फौजी ने बताया कि लंबे समय कॉलोनी में बिजली की कम वोल्टेज आ रहीं हैं। बिजली निगम की ओर से कॉलोनी में एक ट्रांसफार्मर लगाया जाना था। करीब एक वर्ष पहले ट्रांसफार्मर के लिए कॉलोनी में पोल भी लगाया गया था। लेकिन राजनीतिक हस्तक्षेत्र के बाद निगम के अधिकारियों ने पोल को उखाड़ दिया हैं। जिस कारण कॉलोनी में ट्रांसफार्मर नहीं लग पाया तथा कॉलोनी के लोगों को परेशानी उठानी पड़ रहीं हैं। उन्होंने बताया कि करीब एक वर्ष से कॉलोनी के लोग निगम कार्यालय के चक्कर लगा रहें हैं। लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ। डीसी दरबार के दौरान एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने निगम के अधिकारियों से बातचीत की। निगम के अधिकारियों का कहना है कि दो से तीन दिन दोबारा से ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। बलवान फौजी ने कहा कि अगर एक सप्ताह में ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य शुरू नहीं हुआ तोबड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर इंजीनियर संदीप शास्त्री, राकेश कुमार, प्रदीप कुमार, शारदा देवी, नीरू, सुनील कुमार, अंजू देवी, रामकिशन, रमेश कुमार, ऊषा देवी, सुनीता कुमारी, सोनू, डॉ. धर्मबीर पायगा, सत्यवान आदि मौजूद थे।

महेंद्रगढ़। एडीसी से मुलाकात करते मास्टर कॉलोनी के लोग। फोटो : हरिभूमि

खातोदड़ा में लगा है समस्याओं का अंबार, सौंपा ज्ञापन

महेंद्रगढ़। गांव खातोदड़ा के ग्रामीणों ने गांव की विभिन्न समस्याओं को लेकर समाजसेवी बलवान फौजी के नेतृत्व में एडीसी के माध्यम से उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि गांव 15 साल पहले पंचायत का बोरवेल था। जो अभी ठप हो चुका हैं। जिस कारण ग्रामीणों के सामने पेयजल संकट खड़ा हो गया हैं। ग्रामीणों ने जनस्वास्थ्य विभाग के माध्यम से नया बोरवेल लगवाने की मांग की। इसके अलावा बाबा नारायण दास जोहड़ में नहरी पानी डलवाने की मांग की। उन्होंने बताया कि सतनाली महेंद्रगढ़ मार्ग पर स्वागत गेट लगवाने के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग से एनओसी दिलाने, गांव खातोदड़ा से निम्बेहडा मार्ग का निर्माण कराने की मांग की। सरंपच कृष्ण कुमार ने बताया कि गांव का पशु अस्पताल में अस्थाई भवन में चलाया जा रहा हैं। ग्राम पंचायत नए भवन के लिए जमीन उपलब्ध कराने की लिए तैयार हैं। बलवान फौजी ने कहा कि गांव में समस्याओं का अंबार लगा हैं। ग्रामीण अपनी समस्या कई बार उनके समक्ष रख चुके हैं। ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्ताव बनाकर भेजा जा चुका हैं। लेकिन अभी तक गांव में कोई विकास कार्य शुरू नहीं हो पाया हैं। ग्रामीणों को काफी परेशानी उठानी पड़ रहीं हैं। उन्होंने जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्द ग्रामीणों की समस्याओं को दूर नहीं किया गया तो ग्रामीणों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।